# मासिक पत्रिका [जून 2019]

|| विचार संस्था ||

हेल्पलाइन नंबर:
6262060333
पता: पुरानी स्टेट बैंक बिल्डिंग, वर्णी कॉलोनी, सागर, [म. प्र.]

**विशेष :-**

- सीड बॉल प्रोजेक्ट
- पालक सम्मलेन
- मोहल्ला भ्रमण
- पेपर क्राफ्ट प्रशिक्षण
- कार्यालय भ्रमण
- माहवारी जागरूकता



# पदाधिकारी



**कपिल मलैया**

संस्थापक व अध्यक्ष, मो.9009780020

FB PAGE:

@kapilmalaiyaOriginal



**हरगोविंद विश्व**

मार्गदर्शक



**आकांक्षा मलैया**

सचिव, मो. 9165422888

FB PAGE:

@AkankshamalaiyaOriginal



**सुनीता जैन**

कार्यकारी अध्यक्ष

मो. 9893800638



**नितिन पटैरिया**

मुख्य संगठक मो. 9009780042



**विनय मलैया**

कोषाध्यक्ष मो.9826023692

# सीड बॉल बनाने का प्रशिक्षण







## खेती की एक नई विधि - सीड बाल

बीजों को जब क्ले मिट्टी की परत से 1/2 इंच से लेकर 1 इंच तक की गोल-गोल गोलियों में सुरक्षित कर लिया जाता है उसे सीड बाल कहते हैं। सीड बाल का उपयोग बिना जुताई, बिना जगह रोके रसायनों के बिना कुदरती माध्यम से मरूस्थलों को हरियाली में बदलने के लिए उपयोग में लाया जाता है।

खेत की मिट्टी को लेकर उसका चूर्ण बना हें। इसमें से छोटे-छोटे पत्थर-कंकड़ अलग कर दें एवं इसमें चौथा भाग गोबर का चूर्ण आवश्यकता अनुसार मिला लें। इसके एक एवं दो इंच की गोली बनालें। गोली के बीच में दबाव देकर इसमें बीज रखें (बीज के आकार के अनुसार गोली बनायी जाती है) एवं पुनः इसको बंद करके गोल-गोल कर लेंवें। ध्यान रहे कि बीज पूर्व रूप से गोले के अंदर बंद रहो जायें। (सुरक्षा के लिए इसके ऊपर कोयला के चूर्ण का लेप कर सकते हैं) इसके पश्चात इसके एक दो दिन धूप में सुखाकर सुरक्षित रखें। अनुकूल मौसम आने पर इसे गेंद के समान फेक देवें।

यह प्रशिक्षण संस्था मार्गदर्शक श्री श्रेयांश जैन जी ने दिया

# सागर सुधार, सागर विकास

# मोहल्ला विकास योजना

**1. लक्ष्य:** बुंदेलखंड का सुनियोजित विकास

**2. उद्देश्य:**

- नागरिकों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना बढ़ाना
- लोगों की सोचने की क्षमता बढ़ाना
- उन्हें अपने जीवन के निर्णय विकास की दृष्टि से लेने को प्रेरित करना
- आवश्यक विषयों पर जागरूकता लेकर लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाना

**3. नए मुहल्लों में योजना की शुरुवात:**

इसमें 100 घरों के एक समूह को एक मोहल्ले का नाम दिया गया है। इन 100 घरों की जिम्मेदारी कम से कम 11 सदस्यों की टीम लेती है।टीम में एक पुरुष/महिला को समन्वयक बनाया जाता है शेष 10 लोगों को पालक बनाया जाता है जिसमें प्रत्येक पालक को 10 परिवारों की जिम्मेदारी दी जाती हैं, इस तरह से 10 पालक मिलकर मोहल्ला के क्रम से बने हुए 100 परिवारों को चिन्हित कर कार्य करते है।

- **कार्य कब व कैसे किया जाता है:-**

इस योजना में माह में होने वाले प्रत्येक रविवार को सिर्फ 30 मिनिट से 1:30 घंटे की गतिविधि कराई जाती है। गतिविधि का समय, पालक अपने हिसाब से तय करते है।

नोट:- किसी भी तरह की गतिविधि के दौरान किसी भी व्यक्ति की बुराई नहीं की जाती न ही किसी तरह का आश्वासन दिया जाता है योजना से हटकर यदि किसी की कोई समस्या है तो उस समस्या से संबंधित दस्तावेजों को एकत्र कर विचार संस्था कार्यालय भेजा जाता है कार्यालय से समस्या को संबंधित विभाग भेजा जाता है

**4. गतिविधियां:**

- सर्वप्रथम हमारे पालकों द्वारा परिवार परिचय के 10-10 फॉर्म को भरवाया जाता है इसके साथ ही स्वच्छता पर आधारित 10 सूत्रीय कैलेण्डर को सभी घरों में महत्व समझाकर लगवाया जाता है, तथा बार बार उस कैलेण्डर पर प्रकाश डलवाया जाता है
- उन 10 परिवारों के छोटे-छोटे बच्चों की खेल प्रतियोगिताएं कराई जाती हैं एवं भारत के नक़्शे व राज्यों की जानकारी दी जाती है

- युवा युवतियों को रक्तदान के महत्व व योग ध्यान से जोड़ा जाता है।
- 10 वर्ष से 50 वर्ष तक की महिलाओं को माहवारी का महत्व बताकर प्रथम बार फ्री सैनेटरी पेड सभी को वितरित किये जाते है इसके बाद आगे उपयोग करने के लिए विचार कार्यालय से 6 रू. पैकेट के हिसाब से बैचे जाते है जिसमें 3 पीस होते है मतलब 2 रू. का 1 पीस जबकि विचार संस्था को 1 पैकेट की कीमत 8.25 पैसे पड़ती है शेष 2.25 पैसे का वहन संस्था द्वारा किया जाता है। गौरतलब बात यह है कि बाजार में मिलने वाले अन्य सैनेटरी पेड जो लगभग 25 से 30 रू. के होते है जबकि दोनों पेड की क्वालिटी लगभग समान होती है।

## 5. आयोजन:

- प्रत्येक वर्ष विचार गणतंत्र महोत्सव व विचार स्वतंत्रता महोत्सव के माध्यम से अगली व पिछड़ी मोहल्ला की टीमों को एक मंच पर लाकर उनके बीच की दूरियां कम की जाती है
- दिनांक 8 मार्च 2019 को महिला दिवस के उपलक्ष्य में क्लस्टर बनाकर 7 स्थानों पर बालिकाओं व महिलाओं को वक्ताओं के माध्यम से आत्मरक्षा की टिप्स दी गई।

## 6. सुविधाएं:

- नेकी का घर:- जिसके पास जो अतिरिक्त है वो दे जाते है व जरूरतमंद उसे ले जाते है।
- निशुल्क डॉक्टरी जॉच :- रविवार को छोड़कर हफ्ते में 6 दिन सुबह 11 से 1 बजे तक निशुल्क जांच व दवा वितरण किया जाता है।
- कम्प्यूटर शिक्षा :- बालिकाओं व महिलाओं को 15 दिवस का बेसिक नॉलेज की निशुल्क शिक्षा।
- प्राकृतिक खेती एवं गौ सेवा:- खेती से जुड़े किसान भाईयों को जैविक खेती के टिप्स व गौ-पालन के तरीके सिखाए जाते है।
- शववाहन :- संस्था द्वारा संचालित शववाहन जो कि 24*7 दिन अस्पताल से 30 किलोमीटर तक उनके घर तक निशुल्क सेवाएं प्रदान करना है जो कुछ देने में सक्षम उनसे भी सिर्फ फ्यूल चार्ज ही लिया जाता है।
- पुस्तकालय व वाचनालय :- जैसा कि हम सभी जानते हैं कि विद्या दान महादान है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए विचार संस्था द्वारा विभिन्न पाठ्य पुस्तकों का संग्रहालय बनाया गया जिसमें लोग उपयोग की पुस्तकें ले जाते हैं तथा जो उन के उपयोग की नहीं है वह रख जाते हैं।

# मोहल्ला विकास योजना के अंतर्गत कार्यरत टीमें व समन्वयको की सूची इस प्रकार है

| क्र. | मोहल्ला का नाम | समन्वयक का नाम |
|---|---|---|
| 1 | अप्सरा टॉकीज के बाजु में | लक्ष्मी गुप्ता जी |
| 2 | शास्त्री वार्ड, सुभाष नगर | विनीता जोशी जी |
| 3 | स्टेशन के सामने भगवानगंज | धवल कुशवाहा जी |
| 4 | विट्ठल नगर | देवेंद्र वर्मा जी |
| 5 | राजीव नगर लेहदरा नाका | तुलसी राम दाऊ जी |
| 6 | काकागंज | अनुराग विश्वकर्मा जी |
| 7 | राजीव आवास योजना ( बाघराज ) | नितिन जैन जी |
| 8 | संजय नगर शिवाजी वार्ड | अलोक जैन जी |
| 9 | बड़ा करीला | सरिता गुरु जी |
| 10 | कृष्णागंज | हेमलता साहू जी |
| 11 | गोपालगंज | विनीता जैन जी |
| 12 | कसाई मंडी राहतगढ़ बस स्टैंड | अजय विश्वकर्मा जी |
| 13 | बसिया भानसा | राहुल प्रजापति जी |
| 14 | सदर | संतोष मिथोरिया जी |
| 15 | तिलकगंज | रौशनी जैन जी |
| 16 | महेंद्र मिल के पीछे | नीलू सागर जी |
| 17 | पगारा रोड भाग्योदय नगर | शशि रैकवार जी |
| 18 | ग्राम पगारा | सोनू यादव जी |
| 19 | पुरव्याऊ टोरी | अनुराग विश्वकर्मा जी |
| 20 | सिंधी कैंप | सन्तु पोटवानी जी |
| 21 | ग्राम सिलेरा | अरविन्द्र यादव जी |
| 22 | गुरु गोविन्द्र सिंह वार्ड | देवेंद्र वर्मा जी |
| 23 | मधुकर शाह वार्ड | माया पटैल जी |
| 24 | यादव कॉलोनी-3 | राधा शर्मा जी |
| 25 | तिली (रूद्र राक्ष गार्डन के पास) | स्नेहा मिश्रा जी |
| 26 | आंबेडकर वार्ड | महेंद्र विश्वकर्मा जी |
| 27 | भगवानगंज | प्रभा साहू जी |
| 28 | मछरयाई | राजकुमार राय जी |
| 29 | हनुमान पायेगा | कान्ति दीदी जी |
| 30 | भरका रोड सूबेदार वार्ड | राजकुमारी पवार जी |
| 31 | दयानन्द वार्ड | नीरज जैन जी |

| क्र. | मोहल्ला का नाम | समन्वयक का नाम |
|---|---|---|
| 32 | कटरा | संजय सवाई जी |
| 33 | यादव कॉलोनी | उर्मिला मिश्रा जी |
| 34 | यादव कॉलोनी-2 | पुष्पा तिवारी जी |
| 35 | मधुकर शाह वार्ड-2 | आशालता श्रीवास्तव जी |
| 36 | साहू टिग्गड़ा वल्लभ नगर | अजय विश्वकर्मा जी |
| 37 | खुशीपुरा सुभाष नगर | अमित शर्मा जी |
| 38 | सनराइज टाउन के पास तिली | संदीप भदौरिया जी |
| 39 | संत रविदास वार्ड 2 | जुगल किशोर जी |
| 40 | भाग्योदय नगर 2 | कमल विश्वकर्मा जी |
| 41 | रामपुरा वार्ड | ऋतु बावरे जी |
| 42 | भाग्योदय के सामने रविदास वार्ड | पूजा अहिरवार जी |
| 43 | आई टी आई के सामने रविदास वार्ड | शीला रैकवार जी |
| 44 | बाघराज बीड़ी कॉलोनी तिली | शशि रोहित जी |
| 45 | ग्राम पटकुई बरारु | योगेश गुरु जी |
| 46 | संत रविदास वार्ड | रंजीता गोस्वामी जी |
| 47 | हरिसिंह गौर वार्ड तहसीली | सीता साहू जी |
| 48 | शास्त्री वार्ड (धर्म की टाल के पास ) | कस्तूरी बाई विश्वकर्मा जी |
| 49 | सिंधी कैंप 2 | आशा बादवानी जी |
| 50 | तिलकगंज -2 | भरत कुमार पटेल जी |
| 51 | संत रविदास वार्ड जॉय कैंपियान स्कूल | लक्ष्मी सेन जी |
| 52 | हरिसिंह गौर वार्ड तहसीली -2 | गीता मिश्रा जी |
| 53 | संत रविदास वार्ड छोटी मजार के पास | राजा अहिरवार जी |
| 54 | रानी दुर्गावती वार्ड न.01 सेमराबाग | नेहा जी |
| 55 | रजाखेड़ी रेलवे गेट न 29 मकरोनिया | अभिलाषा पांडेय जी |
| 56 | तिली फर्स | यशवंत सिंह चौधरी जी |
| 57 | भूतेश्वर से पास, भगत सिंह वार्ड | अंशुल साहू जी |
| 58 | छत्रसाल अखाड़ा इतवारी टोरी | नीलेश जैन जी |
| 59 | संजय नगर शिवजी वार्ड -2 | अलोक जैन जी |
| 60 | वर्णी वाचनालय कटरा | |
| 61 | मनोरमा कॉलोनी | प्रेमशंकर दुबे जी |
| 62 | पुरव्याऊ टोरी सूबेदार वार्ड | मनोज विश्वकर्मा जी |
| 63 | केशवगंज वार्ड | दीपा रैकवार जी |
| 64 | उदासी मोहल्ला संत रविदास वार्ड | सुरभि अहिरवार जी |

# समर कैंप

## आर्ट क्राफ्ट प्रशिक्षण










**विचार संस्था की टीम द्वारा पेपर बैग व पेपर क्विलिंग का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण में बच्चों व महिलाओं ने बड़ चढ़ के हिस्सा लिया। प्रशिक्षण में सबसे पहले पेपर से पेपर बैग बनाना सिखाया गया, बैग को सजाने का तरीका बताया गया, इसके बाद कानों के इयररिंग, और कुछ घर की सजावट का सामान बनाना सिखाया गया।**

**यह प्रशिक्षण विचार संस्था सचिव कुमारी आकांक्षा मलैया व चांदनी लोधी, पूजा प्रजापति, शिखा चौरसिया, प्रीति लोधी अरविन्द अहिरवार जी के द्वारा दिया जा रहा है ।**

# आर्ट क्राफ्ट प्रशिक्षण का समापन व प्रदर्शन



















**विचार संस्था द्वारा चलाये जा रहे समर कैंप के तहत विचार कार्यालय में पांच दिवसीय पेपर बैग व पेपर क्विलिंग का प्रशिक्षण दिया गया । और इस प्रशिक्षण में बच्चो व महिलाओं के द्वारा पेपर के विभिन्न प्रकार के समान जैसे पेपर बैग, इयररिंग, और कुछ सजावट का सामान, बनाया गया।**

**10-05-2019 को नन्हे नन्हे बच्चो व महिलाओ द्वारा बनाए गए सामान का प्रदर्शन विचार कार्यालय में किया गया और बड़ी संख्या में बच्चो द्वारा बनाए गए सामान देखने के लिए लोग विचार कार्यालय आए और सामान की खरीदी भी की।**

# गतिविधि हस्तकला, संगीत, नृत्य, हारमोनियम का प्रशिक्षण












विचार कार्यालय में दस दिवसीय हस्तकला, डांस, ढोलक, हारमोनियम का प्रशिक्षण दिया गया जिसमे 80 बच्चे एवं महिलाओं ने भाग लिया। हस्तकला में जहाँ साज सज्जा के सामान बनाना सिखाये गये तो डांस में बच्चों के साथ महिलाओं ने भी खूब रूचि दिखाई, हारमोनियम व ढोलक प्रशिक्षण में भी प्रशिक्षकों ने सुर से सुर मिलाये। यह प्रशिक्षण विचार संस्था सचिव कुमारी आकांक्षा मलैया, कार्यकारी अध्यक्ष सुनीता अरिहंत जी, अनुष्का मलैया, पूनम मेवाती, दीपा गुप्ता, प्रांजल जैन (खुशी), यशी जैन जी, तनिष्का जैन, अरविन्द अहिरवार, पूजा प्रजापति, चांदनी लोधी, प्रीती लोधी, शिखा चौरसिया जी के द्वारा दिया गया ।

# विचार संस्था में संगीत, नृत्य, क्राफ्ट समर कैंप का समापन









दैनिक भास्कर

## समर कैंप में बच्चों और महिलाओं ने संगीत, नृत्य और क्राफ्ट की बारीकियां सीखीं



सागर | विचार कार्यालय में 15 दिन से चल रहे संगीत, नृत्य और क्राफ्ट समर कैंप का बुधवार को समापन हो गया। इस दौरान सभी बच्चों और महिलाओं को निशुल्क प्रशिक्षण दिया गया। इस उपलक्ष्य में हुए समापन समारोह में प्रशिक्षकों को सर्टिफिकेट व प्रोत्साहन पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। संस्था के संस्थापक कपिल मलैया ने कहा कि संस्था द्वारा आगे भी ऐसे निशुल्क शिविर का आयोजन करते रहेंगे जिससे बच्चों और महिलाओं को सीखने का अवसर मिल सके और वे अपनी प्रतिभा को निखार सकें। कार्यकारी अध्यक्ष सुनीता जैन अरिहंत ने बताया कि आप लोगों को प्रोत्साहित करके संस्था को बहुत प्रसन्नता हुई। सचिव आकांक्षा मलैया ने कहा कि मेरी संस्था द्वारा पांच सौ बच्चों से भी ज्यादा बच्चे प्रशिक्षित हुए। संस्था ऐसे निशुल्क आयोजन आगे भी करती रहेगी। कैंप में मनोज राय, प्रांजलि जैन, यशी जैन, अनुष्का मलैया, तनिष्का जैन, पूनम मेवाती, दीपा गुप्ता, वैशाली प्रजापति, प्रीति लोधी, चांदनी लोधी, पूजा प्रजापति, अंकित रजक, शिखा चौरसिया, सरिता जैन, जैनंदना जैन आदि ने प्रशिक्षण दिया।

**विचार कार्यालय में 15 दिन से संगीत, नृत्य और क्राफ्ट समर कैंप चला जिसमें सभी बच्चे व महिलाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम का समापन 22/05/2019 को हुआ। समापन के दौरान प्रशिक्षकों को सर्टिफिकेट व प्रोत्साहन पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विचार संस्था के संस्थापक कपिल मलैया ने कहा कि संस्था द्वारा आगे भी ऐसे निःशुल्क शिविरों का आयोजन करते रहेंगे जिससे बच्चों और महिलाओं को सीखने का अवसर मिल सके व वे अपनी प्रतिभा को निखार सकें। कार्यकारी अध्यक्ष सुनीता जैन अरिहंत ने बताया कि आप लोगों को प्रोत्साहित करके संस्था को बहुत प्रसन्नता हुई।संस्था सदैव तत्परता से युवाओं को ऊर्जावान बनाने का संकल्प लेकर नए-नए कार्यक्रमों का संचालन करती रहती हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए सचिव आकांक्षा मलैया ने कहा कि हमारी संस्था द्वारा पांच सौ बच्चों से भी ज्यादा बच्चे प्रशिक्षित हुए। मुझे बहुत गौरान्वित महसूस हो रहा है। संस्था ऐसे निःशुल्क आयोजन आगे भी करती रहेगी।**

# मोहल्ला विकास योजना

# पालक सम्मेलन










**रविन्द्र भवन में विचार संस्था द्वारा पालक सम्मेलन का आयोजन किया गया। 1 दिसंबर 2018 से प्रारंभ मोहल्ला विकास योजना के स्वयंसेवकों की ट्रेनिंग की श्रृंखला में यह 5वां आयोजन रहा। संस्थापक श्री कपिल मलैया ने इस योजना के उद्देश्यों को बताते हुए कहा कि यह लोगों में संपन्नता लाने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना है। संस्था की संपन्नता की परिभाषा है शिक्षा में संपन्नता, स्वच्छता, पर्यावरण, स्वास्थ्य, नारी सुरक्षा, रोजगार आदि में संपन्नता। इस तरह मोहल्ला विकास योजना के द्वारा विचार संस्था बुंदेलखंड को पिछड़ेपन से निकालना चाहती है।**

इस कार्यक्रम में दिगंबर जैन सोशल ग्रुप द्वारा 100 डायल गाड़ियों के इंचार्ज आर के चौहान जी को 12 स्ट्रेचर सौंपे गए जो पुलिस की गाड़ियों में रखकर एक्सीडेंट में घायल व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचाने के काम आएंगे साथ ही विचार संस्था द्वारा संभाग में 12 वीं कक्षा (पीसीएम ग्रुप) में अव्वल अंक लाने वाली छात्रा कु. अंजली चौहान का सम्मान किया गया।
कार्यक्रम अध्यक्ष सुनील कुमार जैन जी ने बताया कि दिगंबर जैन सोशल ग्रुप द्वारा प्रदत्त शव वाहन को विचार संस्था द्वारा विगत 6 माह से सप्ताह के सातों दिन एवं दिन के चौबीस घंटे शवों को गंतव्य तक पहुंचाने में उपयोग किया जाता है।

## सदस्यों ने लिया राजघाट बांध पर एक लाख सीड बाल लगाने का संकल्प

इस अवसर पर राजघाट बांध के गिरते हुए जल स्तर को बढ़ाने के लिए विचार संस्था सदस्यों ने संकल्प लिया है कि जून माह में वृक्षारोपण हेतु राजघाट के चारों तरफ एक लाख सीड बाल लगाएंगे।
संस्था के मार्गदर्शक श्रीयांश जैन ने सीड बाल बनाने की विधि को विस्तार से समझाया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला वैश्य महासम्मेलन अध्यक्ष निकेश गुप्ता, गायत्री परिवार अध्यक्ष जे.पी. पांडे जी, आ.भा. वर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद से श्रीमति संध्या रांधेलिया एवं श्रीमति दीप्ति चंदेरिया, धर्मरक्षा संगठन नगर अध्यक्ष नीलेश प्रजापति, जिला अधिवक्ता संघ अंकलेश्वर दुबे एवं पूर्व रोटरी अध्यक्ष अनिल चंदेरिया ने अपनी प्रस्तुति दी। मंच संचालन श्रेयांश जैन एवं आकांक्षा मलैया द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आभार सुनीता जैन अरिहंत ने व्यक्त किया।

दैनिक भास्कर | 21-May-2019 सागर Page 8

### 100 डायल वाहनों को सौंपे स्ट्रेचर, राजघाट बांध पर एक लाख सीड बाल लगाने का लिया संकल्प

रवींद्र भवन में आयोजित हुआ पालक सम्मेलन कार्यक्रम




भास्कर संवाददाता | सागर

रवींद्र भवन में पालक सम्मेलन का आयोजन किया गया। विचार संस्था द्वारा आयोजित किए गए इस कार्यक्रम के दौरान दिगंबर जैन सोशल ग्रुप ने 100 डायल गाड़ियों के इंचार्ज आरके चौहान को 12 स्ट्रेचर सौंपे, जो पुलिस की गाड़ियों में रखकर एक्सीडेंट के समय घायलों को अस्पताल पहुंचाने के काम आएंगे। वहीं विचार संस्था द्वारा 12वीं कक्षा में (पीसीएम ग्रुप) मेरिट सूची में स्थान लाने वाली छात्रा अंजली चौहान का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर सभी ने राजघाट बांध के गिरते हुए जल स्तर को उठाने के लिए बांध के चारों तरफ करीब एक लाख सीड बाल (बीजरोपण) लगाने का संकल्प लिया है। यह बीज रोपण जून माह में आयोजित होगा। संस्था के मार्गदर्शक श्रीयांश जैन ने सीड बाल बनाने की विधि को विस्तार से समझाते हुए बताया कि यह खेती की नई विधि है, जिसमें बीजों को मिट्टी के साथ मिलाकर गोलियां बनाई जाती हैं और फिर इन्हें बिना जुताई और रसायनों के सीधे जमीन में बो दिया जाता है।

इस विधि को मरूस्थलों को हरियाली में बदलने के लिए उपयोग में लाया जाता है। वहीं विचार संस्था के संस्थापक कपिल मलैया ने मुहल्ला विकास समिति योजना के उद्देश्यों को बताते हुए कहा कि यह लोगों में संपन्नता लाने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना है। संस्था की संपन्नता की परिभाषा है शिक्षा में संपन्नता, स्वच्छता, पर्यावरण, स्वास्थ्य, नारी सुरक्षा, रोजगार आदि में संपन्नता है। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला वैश्य महासम्मेलन अध्यक्ष निकेश गुप्ता, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अंकलेश्वर दुबे, गायत्री परिवार के अध्यक्ष जेपी पांडे, संध्या रांधेलिया, दीप्ति चंदेरिया, नीलेश प्रजापति आदि मौजूद थे। मंच संचालन श्रीयांश जैन और आकांक्षा मलैया ने किया और आभार सुनीता जैन अरिहंत ने माना।






# मोहल्ला विकास योजना बाल गतिविधि :-

**विचार संस्था द्वारा चलाये जा रहे मोहल्ला विकास योजना के तहत विचार के पालको द्वारा उनके चिन्हित घरो में जाकर वहाँ के बच्चों को भारत के नक़्शे में राज्यों के बारे में जानकारी देते हुए खेल गतिविधि कराई गई ।**



**पालक :- नितिन पटैरिया**
**मोहल्ला :- सदर कैंट**



**पालक :- सुनीता जैन**
**मोहल्ला :- तिलकगंज**



**पालक :- अरविन्द अहिरवार**
**मोहल्ला :- धर्मश्री**



**पालक :- चांदनी लोधी**
**मोहल्ला :- तिलकगंज**



**पालक :- बद्री सेन**
**मोहल्ला :- विट्ठलनगर**




**पालक :- प्रीती लोधी**
**मोहल्ला :- तिलकगंज**

# मोहल्ला विकास योजना बाल गतिविधि :-



पालक :- अंकित रजक
मोहल्ला :- गुजराती बाजार



पालक :- पूजा प्रजापति
मोहल्ला :- बरियाघाट



पालक :- राहुल अहिरवार
मोहल्ला :- मकरोनिया



पालक :- संजू शर्मा जी
मोहल्ला :- सदर कैंट



पालक :- ईश्वर सैनी
मोहल्ला :- गोपालगंज



पालक :- शिखा चौरसिया
मोहल्ला :- तिलकगंज



पालक :- रामकुमार बाल्मीकि
मोहल्ला :- सदर कैंट



पालक :- जवाहर अहिरवार
मोहल्ला :- सदर कैंट

# मोहल्ला विकास योजना गतिविधि :-

## विचार संस्था कार्यालय भ्रमण, व ब्लड ग्रुप जाँच













**मोहल्ला विकास योजना के तहत, मोहल्ला की सभी टीमों के समन्वयको व पालको को विचार कार्यालय का भ्रमण कराया जा रहा हैं, और साथ ही टीमों के सभी सदस्यों का ब्लड ग्रुप जांच व ब्लड प्रेशर की जाँच कराई जा रही है**

# मोहल्ला विकास योजना गतिविधि :-

## माहवारी जागरूकता



पालक :- आकांक्षा मलैया
मोहल्ला :- तिलकगंज



पालक :- सुनीता जैन
मोहल्ला :- तिलकगंज



पालक :- राम बाल्मिकी
मोहल्ला :- सदर कैंट



पालक :- संजू शर्मा
मोहल्ला :- सदर बाजार कैंट



पालक  मनोज राय
मोहल्ला :- तिलकगंज



पालक :- शिखा चौरसिया
मोहल्ला :- तिलकगंज



पालक :- जवाहर अहिरवार
मोहल्ला :- सदर कैंट



पालक:- अंकित रजक
मोहल्ला :- कटरा बाजार



पालक:- चांदनी लोधी
मोहल्ला :- तिलकगंज



पालक:- पूजा प्रजापति
मोहल्ला :- बरियाघाट



पालक :- राहुल अहिरवार
मोहल्ला :- मकरोनिया



पालक :- प्रीती लोधी
मोहल्ला :- तिलकगंज

# माहवारी जागरूकता













## पालको के द्वारा उनके चिन्हित घरो में माहवारी जागरूकता गतिविधि

विचार संस्था द्वारा चलाये जा रहे मोहल्ला विकास योजना के तहत विचार के पालक सुरभि अहिरवार, वैष्णवी अहिरवार, सुनीता अहिरवार, संजना अहिरवार, मीनाक्षी अहिरवार, महिमा अहिरवार, कृष्णा अहिरवार आदि के द्वारा उदासी मोहल्ला संत रविदास वार्ड में उनके द्वारा चिन्हित घरो में जाकर महिलाओं को माहवारी स्वच्छता का महत्व बताया व पैड वितरित किए । इस गतिविधि में विचार संस्था से कु शिखा चौरसिया जी उपस्थित रहे ।

# मोहल्ला विकास योजना गतिविधि :-

## मोहल्ला भ्रमण



मोहल्ला :- भूतेश्वर के पास भगत सिंह वार्ड (मोतीनगर)
समन्वयक :- श्री अंशुल साहू जी



मोहल्ला :- तिली फर्श
समन्वयक :-श्री यशवंत सिंह चौधरी जी



मोहल्ला :- संजय नगर , शिवाजी वार्ड-2
समन्वयक :- आलोक जैन जी



मोहल्ला :- वर्णी वाचनालय कटरा




मोहल्ला
छत्रसाल अखाड़ा, इतवारी वार्ड
समन्वयक
श्री नीलेश जैन जी

# मोहल्ला विकास योजना गतिविधि :-

## किडजी स्कूल में सीड बॉल प्रोजेक्ट











### विचार संस्था की क्रांतिकारी पहिल पर किडज़ी स्कूल के नन्हे नन्हे बच्चो ने वृक्षारोपण हेतु सीट बॉल बनाने का लिया संकल्प।

**सागर स्थित मकरोनिया क्षेत्र के नेहा नगर में स्थापित किडजी स्कूल के नन्हे नन्हे बच्चो द्वारा मिट्टी के छोटे छोटे गोले बनाकर उनके बीच में सुबबूल, देशी सुबबूल इत्यादि बीजो को मिट्टी के छोटे छोटे गोलों में रोपित किया ताकि विचार संस्था द्वारा संचालित मोहल्ला विकास योजना के तहत 23 जून को होने जा रहा 50 हजार सीड बॉल रोपण कार्यक्रम के तहत यह आयोजन किया गया ।**

**सीड बॉल के माध्यम से वृक्षारोपण पर चलाई जा रही इस मुहिम में विचार संस्था के संस्थापक कपिल मलैया ने कहा कि इस तरह इस कार्यक्रम को संस्था कि सभी वर्तमान में संचालित सभी मोहल्ला टीमों के सहयोग एवं संस्था के सदस्यगण व शहर कि गढ़मान्य समाजसेवी संस्थान, धार्मिक संस्थाए आदि का सहयोग लेकर राजघाट के पास इन सभी 50 हजार सीड बॉल को रोपित किया जायेगा ताकि घट रहे राजघाट के जल स्तर को बढ़ाया जा सके साथ ही साथ पर्यावरण को महफूज रखने कि दिशा में सीड बॉल प्रोजेक्ट एक क्रन्तिकारी मुहिम सिद्ध होगी ।**

**इस अवसर पर सीड बॉल प्रोजेक्ट के मार्गदर्शक श्रेयांश जैन ने नन्हे नन्हे बच्चो को सीड बॉल बनाने का हुनर शिखाया, सीड बॉल प्रोजेक्ट से प्रेरित होकर किड्सजी स्कूल के संचालक श्री राजेश दीपा सिंघई ने बच्चे व उनके अभिवावको के सहयोग से 5 हजार सीड बॉल बनाने का संकल्प लिया तथा विचार संस्था द्वारा तैयार सीड बॉल प्रोजेक्ट कि 50 किट लेकर सीड बॉल बनाने कि तैयारियां प्रारम्भ की।**

# निशुल्क जांच व दवा वितरण

**डॉ शैफाली मलैया सप्ताह में 6 दिन (सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार) 11 से 1 बजे के बीच विचार कार्यालय में मरीजों की निशुल्क जांच करती हैं।**



## बीमारियों से बचने के कुछ उपाय:-

- सुबह की हल्की धूप में आधे घंटे बैठने से और दूध/ पनीर/ छाछ आदि लेने से हड्डियां मजबूत होती हैं और स्नायु का दर्द नहीं होता।
- हरी पत्तेदार सब्जियां खाने से खून की कमी नहीं होती।
- रोज एक मौसमी फल खाने से शरीर में खनिज पदार्थों की पूर्ति होती है।
- पानी उबालकर पीने से और फिटकरी फेरने से कॉलरा, टाइफाइड, उल्टी, दस्त आदि बीमारियों से बचा जा सकता है।
- रोज कम से कम 8 से 10 गिलास पानी पीने से किडनी की बीमारियां जैसे पथरी एवं यू.टी.आई. आदि नहीं होती।
- गर्मियों में पनीली सब्जियां खानी चाहिए।
- बासी रोटी खाने से शुगर एवं कोलेस्ट्रॉल नियंत्रित रहता है।
- मसालेदार और तली हुई चीजों से पेट में जलन होती है और गैस बनती

# विचार संस्था द्वारा संचालन निशुल्क शव वाहन




| मई माह शव वाहन जानकारी | | | |
|---|---|---|---|
| क्रमांक | दिनांक | प्रस्थान स्थल | आगमन स्थल |
| 1 | 1/5/19 | तिली हॉस्पिटल | शनिचरी |
| 2 | 3/5/19 | तिली हॉस्पिटल | मोहली सागर |
| 3 | 5/4/19 | तिली हॉस्पिटल | शनिचरी |
| 4 | 5/5/19 | तिली हॉस्पिटल | धर्मश्री सागर |
| 5 | 5/5/19 | बी एम सी | शंकरगढ़ मकरोनिया |
| 6 | 6/5/19 | बी एम सी | शुक्रवारी झूला टिगड़ा |
| 7 | 6/5/19 | तिली हॉस्पिटल | ग्राम बरखेड़ा खुमान |
| 8 | 7/5/19 | तिली हॉस्पिटल | झिला मुरली बासोदा |
| 9 | 8/5/19 | तिली हॉस्पिटल | पोद्दार कॉलोनी सागर |
| 10 | 9/5/19 | तिली हॉस्पिटल | ग्राम नरोदा, सिलौधा सागर |
| 11 | 12/5/19 | बी एम सी | बांदरी चैतना गांव |
| 12 | 15/5/19 | बी एम सी | ग्राम तोड़ी बांदरी बहरोल |
| 13 | 17/5/19 | विद्याभवन | गढ़ाकोटा |
| 14 | 20/5/19 | बी एम सी | बड़ा बाजार सागर |
| 15 | 20/5/19 | बी एम सी | तिलकगंज, सागर |
| 16 | 21/5/19 | बी एम सी | गढ़ाकोटा |
| 17 | 22/5/19 | तिली हॉस्पिटल | पुरव्याऊ टोरी |
| 18 | 22/5/19 | बी एम सी | ग्राम सिमरिया तहसील बण्डा |
| 19 | 24/5/19 | तिली हॉस्पिटल | राजा बिलहरा सागर |
| 20 | 26/5/19 | बी एम सी | करीला भाग्योदय |
| 21 | 26/5/19 | तिली हॉस्पिटल | विठ्ठलनगर सागर |
| 22 | 27/5/19 | तिली हॉस्पिटल | शास्त्री वार्ड सागर |
| 23 | 29/5/19 | बी एम सी | शनिचरी सागर |
| 24 | 30/5/19 | बी एम सी | भापेल सिहोरा |
| 25 | 30/5/19 | तिली हॉस्पिटल | केशवगंज |
| 26 | 31/5/19 | बी एम सी | रानीपुरा सागर |
| 27 | 31/5/19 | बी एम सी | बतेसा गलीचकराघाट |
| 28 | 31/5/19 | बी एम सी | बहेरिया तिगड्डा मोहली |
| 29 | 31/5/19 | बी एम सी | चनौआ गढ़कोटा |

# विशेष



## विचार संस्था सदस्यों ने कि वृद्ध की मदत की

**वृद्ध के आवाहन पर विचार के सदस्यों द्वारा मदद की गई एक बुजुर्ग जो की चलने में असमर्थ था उनको चलने के लिए एक स्टिक विचार संस्था कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमति सुनीता अरिहंत, मार्गदर्शक श्री श्रेयांश जैन, व मुख्य संगठक श्री नितिन पटेरिया जी के द्वारा प्रदान की गई ।**

# जून माह में होने वाली गतिविधियाँ

| दिनांक | गतिविधि | समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 2-6 जून | तृतीय गतिविधि (स्वच्छता कैलेंडर, बाल चेतना शिविर तीन दिवसीय) | | सभी मोहल्लो में |
| 9 जून | चतुर्थ गतिविधि (रक्तदान पम्पलेट, ध्यान, युवा गतिविधि ) | | सभी मोहल्लो में |
| 16 जून | बाल गतिविधि | | सभी मोहल्लो में |
| 23 जून | पालक सम्मलेन व  सीड बॉल प्रोजेक्ट | | |
| 30 जून | एन्जाइम  बनाना | | सभी मोहल्लो में |

# VICHAR SANSTHA

विचार की दैनिक रिपोर्ट व गतिविधियों की जानकारी के लिए
देखे हमारा फेसबुक पेज: @Vicharsanstha

व्हाट्सएप पर जानकारी पाने के लिए इस नंबर को सेव करें व
इस पर अपना नाम लिखकर व्हाट्सएप मैसेज करें:
+91 7067431370

**हमारे सागर सुधार सागर विकास
अभियान से जुड़ने के लिए संपर्क करें:
नितिन पटेरिया: +91 9009780042**

**विचार की अन्य गतिविधियों से जुड़ने के लिए संपर्क करें:**
**आकांक्षा मलैया: 9165422888**
**प्रीति लोधी: +91 7067431370**